जिस दिन सोया राष्ट्र जगेगा संघ एकल गीत लिरिक्स

जिस दिन सोया राष्ट्र जगेगा,
दिस दिस फैला तमस हटेगा।bd।

भारत विश्व बंधु का गायक,
भारत मानवता का नायक,
सदियों से था युगों रहेगा,
दिस दिस फैला तमस हटेगा।bd।

वैभवशाली जब हम होंगे,
नहीं किसी से हम कम होंगे,
क्यों ना फिर गन्तव्य मिलेगा,
दिस दिस फैला तमस हटेगा।bd।

हम सबकी तो राह एक है,
कोटि ह्रदय और भाव एक है,
बात हमारी विश्व सुनेगा,
दिस दिस फैला तमस हटेगा।bd।

जिस दिन सोया राष्ट्र जगेगा,
दिस दिस फैला तमस हटेगा।bd।

– गायक / प्रेषक –
भगवत् रसिक धीरज कुमार गोस्वामी 'रसिक जी'
9675791222

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com